Prof. Khushbu kumari
Guest Teacher
Dept. of Political science,
V.S.J. college, Rajnagar, Madhubani, lnmu

Class-B.A-3 (H)
Paper-VI

Topic - अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति का क्षेत्र
Lecture-2

गैर-राजकीय कार्यकर्ता जैसे बहुराष्ट्रीय निगमों का अध्ययन :— वर्तमान में राज्यों के साथ-साथ अनेक गैर-राष्ट्रीय तथा बहु-राष्ट्रीय संगठन तथा अर्द्ध सरकारी संगठन, भी अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जैसे - द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद साम्यवादी गुट, पूंजीवादी गुट, एनजी समाज, तीसरी दुनिया, अरब समुदाय, जी-7, जी-15 आदि।

अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के नियमों का अध्ययन — राष्ट्रों के आपसी व्यवहार को नियंत्रित और निर्देशित करने के लिए कुछ अवधारणाओं का प्रयत्न रहा है, जैसे - शक्ति-संतुलन की अवधारणा, प्रतियोगिता, निःशस्त्रीकरण तथा शस्त्र-नियन्त्रण सामूहिक सुरक्षा, विश्व जनमत, कूटनीति इत्यादि।

अन्तर्राष्ट्रीय कानून का अध्ययन — अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय कानून का भी अध्ययन किया जाता है यह एक तथ्य है कि राष्ट्रों की यह प्रवृत्ति है कि वे उन अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करते हैं जिनसे उन के हितों की रक्षा होती है। अन्तर्राष्ट्रीय कानून राष्ट्रों के व्यवहार को मर्यादित करता है और विश्व व्यवस्था बनाये रखने में सहयोगी की भूमिका निभा रहा है।

Scanned with CamScanner

युद्ध एवं शांति की गतिविधियों का अध्ययन — अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति का सम्बन्ध अन्तर्राष्ट्रीय युद्ध और शान्ति से जुड़ा हुआ है। विभिन्न राष्ट्रों में कभी-कभी युद्ध हो जाते हैं जिनमें जन, धन की अपार हानि होती है। इन्हें रोकने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों की आवश्यकता होती है। इनका अध्ययन भी अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में आवश्यक है।

राष्ट्रीय राजनीति का अध्ययन — अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति का उद्देश्य विभिन्न देशों की नीतियों का प्रयोग जानना है किन्तु इन विदेशी नीतियों का सार समझने के लिए राष्ट्रीय राजनीतियों के विभिन्न पक्षों का ज्ञान आवश्यक है। राजनीतिज्ञ दूसरे देशों के कार्यों तथा नीतियों पर दृष्टि रखते हुए अपने राष्ट्रीय हितों की पूर्ति के लिए अपने देश की नीति निर्धारित करते हैं।

अणु शक्ति का अध्ययन — अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में आज के युग की सबसे बड़ी विशेषता अणु शक्ति और उसके विकास की प्रभावी स्थितियों से निपटने की बात अत्यन्त महत्व-पूर्ण होती जा रही है। अणुशक्ति ने मानव प्रगति की जो सम्भावनाएँ प्रस्तुत की हैं वे पहले कभी नहीं थीं। परन्तु देखने की बात यह है कि इसने सारे संसार को विनाश के कगार पर लाकर छोड़ दिया है। अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में निरन्तर इस बात का अध्ययन हो रहा है कि ऐसी दशा में

Scanned with CamScanner

विश्व को किस प्रकार सुरक्षा कवच पहनाया जाये।

राजनीतिक विचारधाराएँ — गत वर्षों में राजनीतिक विचारधाराओं ने अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है।

राष्ट्रवाद, साम्राज्यवाद और उपनिवेशवाद का अध्ययन — आधुनिक युग में विभिन्न राज्यों के पारस्परिक व्यवहार के मध्य जिन शक्तिशाली प्रवृत्तियों का उदय हुआ है, उनमें राष्ट्रवाद साम्राज्यवाद और उपनिवेशवाद प्रमुख है, इसलिए इन का अध्ययन अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के अन्तर्गत किया जाता है।

Khushbu Kumari
12th Aug 2020

Scanned with CamScanner